राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(99)RSSB / अर्थना / जन सम्पर्क अधि. / भर्ती / 2021/1459 दिनांक :07.12.2021

—:: कार्यालय आदेश ::—

सहायक जन सम्पर्क अधिकारी की भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 24.11.2021 को विज्ञप्ति जारी की गई है। राजस्थान जन सम्पर्क अधीनस्थ सेवा नियम—1975 में इस पद की शैक्षणिक योग्यता में यह प्रावधान है कि :—

1. भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या इसके समतुल्य, साथ में किसी प्रतिष्ठित समाचार—पत्र कार्यालय में या राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के जन सम्पर्क विभाग में पत्रकारिता का 3 वर्ष का अनुभव।

या

पत्रकारिता में डिग्री / डिप्लोमा सहित स्नातक। हिन्दी या अग्रेंजी में स्नातकोत्तर डिग्रीधारकों को अधिमान दिया जायेगा।

2. देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी का व्यवहारिक ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

उपरोक्त निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता से उच्चतर शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी सहायक जन सम्पर्क अधिकारी के पद के लिये आवेदन कर सकेगें।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष